गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान विभाग में दिनांक 08/12/2023 को Capacity Building Program in Placement and Fellowship Opportunity प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता नासिर हसन जी उद्बोधन हुआ एवं विभागाध्यक्ष प्राध्यापक अनुपमा सक्सेना, सह - प्राध्यापक डॉ.अमित गुप्ता, सहायक प्राध्यापक डॉ.सांतवना पाण्डे, आकाश तवर, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

उन्होंने विद्यार्थी के करियर संबंधित राजनीति विज्ञान स्नातकोत्तर विषय में लक्ष्यों एवं उद्देश्यो के बारे में चर्चा की। जिसके प्रतिउत्तर में विद्यार्थियों ने ज्ञानवर्धन, शोधकार्य,NET,JRF एवं अन्य फेलोशिप प्राप्त उत्तर दिया। इसके पश्चात उन्होंने गांधी फेलोशिप और पिरामल फाउंडेशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओडिशा और भारत के अन्य राज्यों में भी गांधी फेलोशिप का प्रोग्राम चलाया जाता है। इसके कार्यप्रणाली इसके विषय में एवं युवाओं के लिए करियर के एक सुनहरे अवसर के रुप में उन्होंने बताया कि ए फेलोशिप कैसे उनकी मदद करती है। विद्यार्थियों को किन-किन क्षेत्रों में काम करने का मौका मिलता है। उन्होंने बोला कि इस अवसर के द्वारा युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में और जनजाति समुदायो व गांवो में काम करने का बेहतर स्थान दिया जाता है और वे सरकार के साथ मिलकर इन सारे सामाजिक समस्याओं का समाधान कर सके, इस कार्य में फाउंडेशन मदद करती हैं। उन्होंने युवाओं से कौशल क्षमताओं के बारे में बात की।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 21वीं शताब्दी के क्या-क्या स्किल होने चाहिए? उस बारे में चर्चा की आज प्रभावकारी संवाद कौशल , नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, आलोचनात्मक वैचारिकी,एवं अन्य तकनीक आदि का कौशल आज युवाओं में होना चाहिए और जो आप पढ़ रहे हैं, उसका प्रेक्टिकल प्रयोग समाज में करे। उन्होंने बताया कि गांधी फेलोशिप एक्सपीरियंस नॉलेज सीखने का मौका देती है। आप इस प्रोग्राम का आवेदन स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष में कर सकते हैं। इसके पश्चात् कार्यक्रम का समापन प्रोग्राम कॉर्डिनेटर के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर किया गया।